एम०एल० सोबती, वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी
कर्मचारी राज्य बीमा निगम

परिशिष्ट—1

योजना का उन स्थानो पर विस्तार करने की संशोधित तिथियों का सूचक विवरण जहां योजना का विस्तार 1979-80 तक कर देने का अनुमान था।

राज्य/केन्द्र	कर्मचारियों की संख्या (परिशोधित)	प्रसारण की प्रारंभिक प्रत्याशित तिथि	प्रसारण की वास्तविक प्रत्याशित तिथि
1	2	3	4
आन्ध्र प्रदेश			
कोलागुडेम, पल्लोचा, व रामावरम	1,900	जनवरी, 79	1980-81
कोत्तावारिपल्ली गांव (मदनपल्ली स्पिनिंग मिल्स लिमि०)	500	जनवरी, 79	1980-81
असम			
सिल्चर	500	1978-79	1980-81
बोकाजन	600	दिसम्बर, 78	जुलाई, 80
नामरूप	2,000	दिसम्बर, 79	अप्रत्याशित
बिहार			
गोविन्दपुर	2,400	1978-78	15-1-1980
जसीदीह	1,500	1978-78	15-1-1980
साकची	1,000	1978-79	15-1-1980
मांगो	2,500	1978-79	15-1-1980

1	2	3	4
आदित्यपुर फेज-2	5,000	1978-79	मार्च, 80
झीकपानी	2,100	1978-79	मार्च, 80
झरिया	1,100	1978-79	मार्च, 80
गुजरात			
वीरमगांव	2,200	जनवरी, 79	जुलाई, 80
वडौच	3,500	जनवरी, 79	मई, 80
बिल्लीमोरा	5,900	जनवरी, 79	जुलाई, 80
वापी	4,700	जनवरी, 79	जुलाई, 80
नवसारी	8,200	जुलाई, 79	1980-81
विश्वपुर	2 500	जुलाई, 79	1980-81
सुरेन्द्र नगर	5,600	जुलाई, 79	1980-81
वटवा	5,900	जुलाई, 79	अगस्त, 80
मेहसाना	1,400	जुलाई, 79	1980-81
सिक्का	700	जुलाई, 79	मई, 80
थानगढ़	2,900	जुलाई, 79	मई, 80
बलसार	950	जुलाई, 79	जून, 80
कर्नाटक			
बीजापुर	1,300	जनवरी, 79	1980-81
रामानगरम्	900	जनवरी, 79	1980-81
तुमकुर रोड	650	जनवरी, 79	1980-81
माण्डया	1,200	जनवरी, 79	1980-81
करवार	1,400	जनवरी, 79	1980-81
केरल व गोवा			
कासरगोड	450	1978-79	3-2-1980
होसदुर्ग	300	1978-79	3-2-1980
कोत्ताकल	500	1978-79	सितम्बर, 80
एदापौल	800	1978-79	1980-81
थिरूरंगुडी	50	1978-79	1980-81
मध्य प्रदेश			
सागर	500	जनवरी, 79	1980-81
मारणी	500	दिसम्बर, 79	मई, 80
मधेर	600	दिसम्बर, 79	मई, 80
कोरबा	1,500	दिसम्बर, 79	जून, 80
महाराष्ट्र			
पालगढ	1,000	जनवरी, 79	1980-81
पनवेल	3,100	जनवरी, 79	1980-81
पूना क्षेत्र सतारा उपनगर	2,600	जनवरी, 79	1980-81
वालचन्द नगर	2,000	जनवरी, 79	1980-81
खोपोली	4,000	जनवरी, 79	1980-81
बम्बई क्षेत्र			
धानू रोड	1,300	अप्रैल, 79	अप्रत्याशित
मोरा उरान	1,400	अप्रैल, 79	अप्रत्याशित
मोह	600	अप्रैल, 79	अप्रत्याशित
नागपुर, क्षेत्र, चन्द्रपुर	2 400	अप्रैल, 79	1980-81
पूना क्षेत्र : अहमदनगर	4,600	अप्रैल, 79	अप्रत्याशित
कराड	1,600	अप्रैल, 79	अप्रत्याशित
उंबगांव	1,750	अप्रैल, 79	अप्रत्याशित
उड़ीसा			
भगतपुर	6,00	जनवरी, 79	1980-81
तलचर	2,000	जनवरी, 79	1980-81
पंजाब			
बरनाला	500	जनवरी, 79	1980-81
भटिण्डा	1 100	जनवरी, 79	1980-81
गिद्दरबाहा	550	जुलाई, 79	1980-81

1	2	3	4
तामिलनाडु			
अरुमुगनेरी	1,100	1978 79	1980-81
कन्याकुमारी उपनगर	700	1978 79	1980-81
कुमरपालयम	1,000	1978-79	1980-81
सलेम उपनगर	900	फरवरी 79	1980 81
थिरुवेरुम्बूर	8,600	फरवरी 79	1980 81
धरमपुरम	700	जुलाई 79	अप्रकाशित
उत्तर प्रदेश			
डाल्ला	1,500	1978 79	30 9 80
बुलन्दशहर	1 100	जुलाई 79	31-12 80
आजमगढ़	800	अक्तूबर 79	31-12-80
फैजाबाद सोहवाल समेत	1 500	नवम्बर 79	31-12-80
पश्चिमी बंगाल			
आसनसोल	6,200	1978-79	मार्च 80
रानीगंज	6 150	1978-79	मार्च 80
जेमेनगर	3 000	1978-79	सितम्बर, 80
रूपनारायनपुर	4 000	1978-79	सितम्बर 80
योग	1,98 550		

परिशिष्ट–II

31 मार्च, 1981 तक योजना के अन्तर्गत आने वाले तथा 31-12-1979 तक आये कर्मचारियों की संख्या

क्षेत्र	कर्मचारियों की संख्या		अनुमानित तिथि	
	31-12-79 तक आये	आने वाले	1979-80	1980-81
1	2	3	4	5
1 आन्ध्र प्रदेश				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	2,45,000			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
कोत्तागुडेम पालोंचा व रामावरम		1,900		1980-81
कोंडापर्ती पल्ली गाव (सवनपल्ली स्पिनिंग मिल्स लिमि०)		500		1980 81
2 असम				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	29 000			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
शिलांग		1,000	मार्च 80	
सिल्चर		500		1980-81
जग्गी रोड		400		1980-81
सेजो		650		1980-81
बकाजन व बोनगाईगाव		1,600		1980 81
3 बिहार				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	1,26,300			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
गोविन्दपुर, जमीदीह साकती, मागो		6,500	15-1-80	
आदित्यपुर फेज-2		9,100	मार्च, 80	
मोकपानी झरिया, बनिपुराना झाझा व मुजफ्फरपुर के बाहरी क्षेत्र		3,150		अगस्त, 80
4 चण्डीगढ़				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	14,000			

1	2	3	4	5
5 दिल्ली				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	2,45,000			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र दिल्ली परिवहन निगम		15,000	मार्च, 80	
6 गुजरात				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	5,39,100			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
मेहसाना व सिद्धपुर		3,900		1980-81
सुरेन्द्र नगर व नवसारी		13,800		1980-81
बड़ोच, सिक्का व थानगढ़		7,100		मई, 80
बलसार, तुलसी, मिंगापुर, वर्भोर्ल, काटरगाव व फुलपाड़ा		1,700		जून, 1980
वीरमगांव, बिल्लीमोरा व वापी		12,800		जुलाई, 80
वटवा व गोधरा उद्योगनगर		9,900		अगस्त, 80
(3) रोजगार के नए क्षेत्र		700	19-1-80	
7. हरियाणा				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	1,76,000			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
कुण्डली, राई व धारुहेड़ा		3,900		मई, 80
मुरथाल, खैरपुर (सिरसा) व हान्सी		3,300		जुलाई, 80
भिवानी से लगे हुए क्षेत्र		500		अगस्त, 80
8 हिमाचल प्रदेश				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	900			
2 जम्मू व काश्मीर				
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
श्रीनगर, पमपोर, जम्मू व कथुआ		11,600		मई, 80
10 कर्नाटक				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	2,86,000			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
बीजापुर		1,300		1980-81
रामानगरम		900		1980-81
तुमकुर रोड, माण्ड्या व करवार		3,250		1980-81
तालागुप्पा		450		जुलाई, 80
नंजागुड व अवाम्पाहल्ली के उपनगर		800		अगस्त, 80
(3) रोजगार के नए क्षेत्र		46,550		दिसम्बर, 80
11. केरल				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	3,07,950			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
कासरगोड व होसदुर्ग		750	3-2-80	
एडप्पल थिरुरंगुडी		850		1980-81
कोत्ताकल (त्रिवेन्द्रम जिला)		500		सितम्बर, 80
(3) रोजगार के नए क्षेत्र		5,450		1980-81
12. मध्य प्रदेश				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	1,70,500			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
देवास उद्योग क्षेत्र		3,000		1980-81
सागर		500		1980-81
बिलासपुर (लाल खदान सहित) सारनी मघर		3,200		मई, 80
कोरबा काइमोर नीमुच, व रायपुर औद्योगिक क्षेत्र		5,400		जून, 80
13. महाराष्ट्र				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	14,70,400			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
किर्लोस्करवाडी, वालचन्दनगर व आगलवाडी		8,600		1980-81
सतारा उपनगर पनवेल, पालगढ़ व खोपोली		10,700		1980-81
चन्द्रपुर		2,400		1980-81

1	2	3	4	5
महाराष्ट्र				
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र		8,800		मई, 80
अचलपुर, कानहन व कम्पटी येरगांव के निकटवर्ती क्षेत्र, मुंधावा, मंजारी, वेउलाली कैंटोनमेंट व सांगली के बहिवर्ती क्षेत्र और मिरज		5,700		जुलाई, 80
14. नागालैण्ड				
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
सुली		1,000		अगस्त, 80
15. उड़ीसा				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	97,250			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
भरतपुर		600		1980-81
तलचर		2,000		1980-81
पाराद्वीप, बारागढ़ (तोरा)		3,100		जून, 80
बेलपाहर, कलंग, लटकाटा व सुनाबेदा		11,500		अगस्त, 80
16. पंजाब				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	1,56,000			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
बरनौला, मण्डी गोन्विंदगढ़ भटिण्डा सहित, असराउ, रैल माजरा व गिद्दरबाहा		5,000		1980-81
तारन तरन		1,200		1980-81
लुधियाना निगम के प्रसारित क्षेत्र		2,400		मई, 80
होशियारपुर		700		जुलाई, 80
17. पांडिचेरी				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	15,000			
18. राजस्थान				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	1,18,950			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
बंसवाडा, बासी (जोधपुर) विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र . .		3,200		जुलाई, 80
सिरसी (जयपुर केन्द्र)		150		अगस्त, 80
19. तमिलनाडु				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	4,47,800			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
कुमारमलयम, सलेम, उपनगर, थुवाकुडी, व थिरूवरम्बूर . .		10,500		1980-81
आराकुगानेरी व कन्याकुमारी के उपनगर . . .		2,100		1980-81
वीराबनाल्लूर, संगुनेरी व नस्सारथ		1,800		अगस्त, 80
श्रीविल्लीपुथुर, कुडंडालोर पट्टीवीरमपट्टी शिवकाशी उपनगर व राजा पालयम के उपनगर		3,600		नवम्बर 80
20. त्रिपुरा				
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
बाबरघाट		800		1980-81
21. उत्तर प्रदेश				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	4,43,150			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
खुर्जा		1,200	9-2-80	
जाला		1,500		30-9-80
फैजाबाद सोहवाल सहित, बुलंदशहर व आजमगढ़ . . .		3,700		31-12-80
22. पश्चिमी बंगाल				
(1) कार्यान्वित क्षेत्र	9,65,000			
(2) अकार्यान्वित क्षेत्र				
आसनसोल व रानीगंज		12,350	मार्च, 80	अगस्त, 80
कोसिमबाजार, बरहमपोर, मोजाकुलिया व मौजासागुम्मा . .		2,600		अगस्त, 80
जेकेनगर व रूपनारायनपुर		7,000		सितम्बर, 80
बढ़ोतरी के लिये प्रावधान		50,100		
कुल योग	58,53,300	346,700*		

*1-1-80 से 31-3-80 तक की अवधि में संभाव्य आने वाले 96,700 अतिरिक्त कर्मचारियों सहित ।

परिशिष्ट 3

31-3-1979, 31-3-1980 की तथा 31-3-81 की संभावित स्थिति के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा निगम के स्टाफ की स्थिति का सूचक विवरण :

क्रम सं०	पद का नाम	निम्नलिखित तारीखों पर संख्या		
		31-3-79	31-3-80	31-3-81
1.	महानिदेशक	1	1	1
2.	बीमा आयुक्त	1	1	1
3.	वित्तीय सलाहकार व मुख्य लेखा अधिकारी	1	1	1
4.	चिकित्सा आयुक्त	1	1	1
5.	बीमाकंक	1	1	1
6.	निदेशक (प्रशासन)	1	1	1
7.	संयुक्त बीमा आयुक्त/क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड–1	7	7	8
8	निदेशक (स०ब०) व(क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड–2/निदेशक) (यो०एवं० वि)/सतर्कता/उप वित्तीय सलाहकार	8	8	9
9.	क्षेत्रीय उप चिकित्सा आयुक्त/उप चिकित्सा आयुक्त/चिकित्सा निर्देशी	50	51	53
10.	प्रशासन अधिकारी/उप बीमा आयुक्त/क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड–3/उप मुख्य लेखाधिकारी/संयुक्त क्षेत्रीय निर्देशक/सतर्कता अधिकारी/सहायक बीमाकिक	21	22	34
11.	क्षेत्रीय निदेशक ग्रेड–4/उप प्रशासन अधिकारी सहायक बीमा आयुक्त/उप क्षेत्रीय निदेशक/सहायक निदेशक/लेखा अधिकारी	98	97	164
12.	सहायक क्षेत्रीय निदेशक/प्रबन्धक ग्रेड–1/उप लेखा अधिकारी/अनुभाग अधिकारी	178	187	155
13.	बीमा निरीक्षक/लेखा-परीक्षा निरीक्षक/उपप्रबन्धक ग्रेड-2 (सं०ब०अ०)	702	798	820
14.	महानिदेशक के निजि सचिव	1	1	1
15.	प्रबन्धक ग्रेड-2/सहायक/प्रधान लिपिक/प्रधान लिपिक–खजांची	651	858	880
16.	वैयक्तिक सहायक	31	31	47
17	तकनीकी सहायक	1	1	1
18.	वास्तुकार	1	1	1
19.	रखवाल	1	1	1
20.	पुस्तकालय अध्यक्ष	1	1	1
21.	स्वागती	1	1	1
22.	उच्च श्रेणी लिपिक/उ०श्रे०लि०–खजांची/उ०श्रे०लि०–प्रभारी	2165	2926	3017
23.	आशुलिपिक	102	106	116
24.	संगणक	4	4	4
25.	निम्न श्रेणी लिपिक/एड्रीमा आपरेटर/टेलिफोन आपरेटर/टेलेक्स आपरेटर	3312	3203	3265
26.	गैस्टेटनर आपरेटर	7	7	7
27.	स्टाफ कार ड्राइवर	21	21	21
28.	कनिष्ठ प्रयोगशाला परिचर	1	1	1
29.	जमादार	1	1	1
30.	रिकार्ड सार्टर/दफ्तरी/प्र०श्रे० दफ्तरी	955	958	980
31.	चपरासी	923	920	940
32.	चौकीदार	42	42	42
33.	फराश	48	49	50
34.	मेहतर	53	53	53
35.	माली	6	6	6
36.	लिफ्टमैन	3	3	3
37.	सहायक अभियन्ता	3	3	4
38.	कनिष्ठ अभियन्ता	4	4	6
39.	अनुभाग अधिकारी (हिन्दी)	8	9	10
	कुल योग	9,716	10,387	10,708
	1. चिकित्सा कार्मिक	50	51	53
	2. अन्य कार्मिक	9,666	10,336	10,655

परिशिष्ट 4

1980-81 के बजट प्राक्कलनों में "भत्ते तथा मानदेय" शीर्ष के अन्तर्गत धन-व्यवस्था की गई राशि के ब्यौरे

भत्ते/मानदेय का स्वरूप	प्रधान अधिकारी	अन्य अधिकारी	लिपिक वर्गीय स्थापना	ग्रुप "घ" स्टाफ
				(लाख रुपयों में)
क—अधीक्षण				
1. यात्रा भत्ता	0.91	3.99	10.51	0.85
2. मंहगाई भत्ता	0.12	13.66	1,00.16	17.07
3. मकान किराया भत्ता	0.17	5.25	34.25	4.93
4. नगर प्रतिपूरक भत्ता	0.03	1.91	9.69	1.45
5. प्रैक्टिस बन्दी भत्ता	0.07	1.62	—	—
6. चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति	—	0.80	20.15	4.50
7. अन्य मदें	—	2.20	6.14	1.10
जोड़—भत्ते तथा मानदेय	1.30	29.43	1,80.90	29.90
ख—क्षेत्रीय कार्य				
1. यात्रा भत्ता	—	0.44	7.52	0.50
2. मंहगाई भत्ता	—	5.20	1,11.70	18.40
3. मकान किराया भत्ता	—	1.86	32.20	4.78
4. नगर प्रतिपूरक भत्ता	—	0.60	7.80	1.05
5. चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति	—	0.38	9.23	2.02
6. अन्य मदें	—	0.04	5.28	0.95
जोड़—भत्ते व मानदेय	—	8.52	1,73.80	27.70

परिशिष्ट—5

योजना विस्तार के लिए परिप्रेक्ष्य योजना

1972 में परिप्रेक्ष्य योजना समिति ने योजना का विस्तार करने के लिए एक पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना की सिफारिश की थी। समिति ने विस्तार की सिफारिश तीन चरणों में की थी, यानि (1) पहले चरण में फैक्टरी अधिनियम के अधीन सभी फैक्टरियां तथा ऐसी दुकानें वाणिज्यिक तथा सम्बद्ध स्थापनाएं जिनमें 20 या अधिक कर्मचारी काम करते हैं तथा जो संगठित सैक्टर में अधिकांशतः ऐसे क्षेत्रों में स्थित है जहां बीमा योग्य श्रमिक वर्ग है, (2) दूसरे चरण में संगठित खानें तथा चाय, काफी तथा रबड़ बागान और (3) तीसरे चरण में रोजगार के असंगठित तथा अर्ध-संगठित सैक्टर यानी छोटे तथा दूर-दूर फैले तथा विभिन्न प्रकार के प्रतिष्ठान जिनके बारे में सही सांख्यिकीय आंकड़े उपलब्ध नहीं है। स्थापनाओं के पहले दो वर्गों की व्याप्ति का एक चरणबद्ध कार्यक्रम भी बनाया गया था और यह सिफारिश की गई थी कि उपर्युक्त (1) तथा (2) में उल्लिखित स्थापनाओं के वर्गों की व्याप्ति का संपूर्ण कार्यक्रम 5 वर्ष की अवधि के अन्दर पूरा किया जाना चाहिए तथा वर्ग (1) में सभी स्थापनाएं पहले तीन वर्षों में तथा खानें और बागान अन्तिम दो वर्षों के दौरान योजना के अंतर्गत लाए जाएं। यह अनुमान लगाया गया था कि 7 लाख कर्मचारी विद्युत शक्ति का प्रयोग करने वाली ऐसी फैक्टरियों में हैं जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते हैं, 3 लाख कर्मचारी छोटी फैक्टरियों में, 9.9 लाख कर्मचारी दुकानों तथा वाणिज्यिक स्थापनाओं और बीमा तथा बैंकों में हैं और 18 लाख कर्मचारी खानों तथा बागानों में हैं और इस प्रकार कर्मचारियों की कुल संख्या लगभग 38 लाख है। 1977-78 को समाप्त 5 वर्ष की अवधि के लिए समिति ने निम्नलिखित लक्ष्य की सिफारिश की थी :—

1973-74	4 लाख
1974-75	7 लाख
1975-76	9 लाख
1976-77	9 लाख
1977-78	9 लाख

2. लेकिन वास्तविक तथा वित्तीय साधनों की उपलब्धि के संबंध में राज्य सरकारों की कठिनाईयों के कारण उपरिलिखित कार्यक्रम के पहले चरण में शामिल गैर-कार्यान्वित क्षेत्रों तथा नए सैक्टरों में फैक्टरियों पर योजना के विस्तार में परिप्रेक्ष्य योजना समिति द्वारा सिफारिश किए गए चरणबद्ध कार्यक्रम के अनुसार प्रगति नहीं हुई है। गैर कार्यान्वित क्षेत्रों में फैक्टरियों में योजना के अधीन लाए जाने योग्य लगभग 7 लाख कर्मचारियों तथा छोटी फैक्टरियों और नए सैक्टरों में 13 लाख कर्मचारियों में से अब तक फैक्टरी सैक्टर में लगभग 1.50 लाख कर्मचारी तथा नए सैक्टरों में लगभग 5.50 लाख कर्मचारी योजना के अंतर्गत लाए गए हैं इस प्रकार फैक्टरी सैक्टर तथा गैर-कार्यान्वित क्षेत्रों में लगभग 5.50 लाख तथा नए सैक्टरों यानी दुकानों तथा सम्बद्ध वाणिज्यिक स्थापना में

7.50 लाख कर्मचारियों को अभी योजना के अन्तर्गत लाया जाना है। खानों पर योजना का विस्तार करने के लिए भी कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम में संशोधन अपेक्षित है। यह भी उल्लेखनीय है कि गैर-कार्यान्वित क्षेत्रों में फैक्टरी सैक्टर में योजना के अन्तर्गत आने वाले अधिकतर वे कर्मचारी रह गए हैं जो आयल रिफाइनरीज, हैवी इंजीनियरिंग निगम, टिसको तथा इस्को सहित इस्पात तथा संयत्र उर्वरक संयंत्र, भारत हैवी इलैक्ट्रीकल्स आदि जैसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान हैं जिनके बारे में श्रमिकों द्वारा योजना के विस्तार का विरोध किए जाने के कारण उन पर योजना के विस्तार की कम सम्भावना दिखाई देती है क्योंकि बिना किसी अंशदान के वे पहले ही काफी अच्छे स्तर के चिकित्सा तथा अन्य हितलाभ प्राप्त कर रहे बताए जाते हैं।

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम में संशोधनों पर विचार करने के लिए गठित उच्चाधिकार उप-समिति ने भी चीनी तथा अन्य मौसमी उद्योगों पर योजना का विस्तार करने तथा मौसमी व कृषि कामगारों के उपयुक्त हितलाभ तथा अंशदानों की उचित योजना तैयार करने चीनी तथा अन्य मौसमी उद्योगों में स्थायी कर्मचारियों पर योजना का विस्तार करने तथा व्याप्ति के लिए मजदूरी की मौजूदा 1000 रुपये की अधिकतम सीमा को बढ़ाकर 1600 रुपये मासिक करने के संबंध में सिफारिशें की हैं अधिनियम में आवश्यक संशोधन करने के लिए रिपोर्ट पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जाता है। अत. अगली पांच वर्ष या समान अवधि के दौरान योजना के विस्तार की परिप्रेक्ष्य योजना उच्चाधिकार उप समिति की उपरिलिखित सिफारिशों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों पर निर्भर करेगी। इस दौरान, जिन महानगरों में कर्मचारी राज्य बीमा योजना लागू है, उनमें भवन निर्माण श्रमिकों पर (जो अर्ध संगठित/असंगठीत सैक्टरों के अन्तर्गत आते हैं) योजना का विस्तार करने के प्रस्ताव को श्रम मंत्रालय ने सिद्धान्ततः मान लिया है। अधिनियम के अन्तर्गत इन कामगारों पर योजना का विस्तार करने के लिए समुचित सरकारें होने के नाते राज्य सरकारों से इन कामगारों पर योजना का यथा शीघ्र विस्तार करने के संबंध में विचार करने का निवेदन किया गया है। लेकिन वास्तविक विस्तार संबंधित राज्य सरकारों के निर्णयों पर निर्भर करता है। अभी तक किसी भी राज्य सरकार ने प्रस्तावित विस्तार के लिए अपनी सहमति नहीं भेजी है।

एक वास्तविक पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना उच्चाधिकार उप-समिति की सिफारिशों पर केन्द्रीय सरकार के अन्तिम निर्णय की जानकारी मिलने तथा स्थापनाओं/कामगारों के नए वर्गों पर योजना का विस्तार करने के संबंध में राज्य सरकारों की सिद्धान्त रूप से सहमति प्राप्त होने के बाद तैयार की जा सकती है। फिलहाल नए क्षेत्रों तथा नए सैक्टरों में योजना का विस्तार के लिए संबंधित राज्य सरकारों के परामर्श से वार्षिक योजनाएं एक समय में दो वर्षों के लिए, यानी चालू वित्तीय वर्ष तथा अगले वित्तीय वर्ष के लिए तैयार की जा रही है।

परिशिष्ट–6

प्रति व्यक्ति आय-व्यय का सूचक विवरण
प्रति वर्ष प्रति कर्मचारी राशि

वर्ष	अंशदान आय	राजस्व लेखे में व्यय (पूंजीगत निर्माण तथा आपात आरक्षित निधियों में अन्तरित राशियों को छोड़कर)	अन्तर
	(रुपये)	(रुपये)	(रुपये)
1970-71	123	117	6
1971-72	131	118	13
1972-73	145	104	41
1973-74	153	121	32
1974-75	146	125	21
1975-76	162	141	21
1976-77	236	151	85
1977-78	239	177	62(क)
1978-79	258	207	51
1979-80 (प्राक्कलन)	263	239	24(ख)
1980-81 (प्राक्कलन) (ग)	267	241	26

(क) 31-3-1974 की स्थिति के अनुसार मूल्यांकन में बताए गए स्थाई अपंगता हितलाभ और आश्रितजन हितलाभ की बाबत अधिशेष राशि 1977-78 वर्ष के व्यय (पूंजीकृत मूल्य) में समायोजित की गई है। यदि अधिशेष राशि का समायोजन किए बिना 1977-78 वर्ष के वास्तविक पूंजीकृत मूल्य को लिया जाए तो प्रति व्यक्ति व्यय में लगभग 5 रुपये की वृद्धि हो जाएगी जिससे प्रति व्यक्ति अन्तर 62 रुपये से घटकर 57 रुपये रह जाएगा।

(ख) कोयम्बटूर क्षेत्र में कपड़ा मिलों की हड़ताल के दौरान बीमारी हितलाभ की अदायगी के कारण असाधारण व्यय-भार को छोड़कर अन्तर 31 रुपये माना जाए।

(ग) योजना के अंतर्गत उच्च मजदूरी वर्ग के कर्मचारियों को शामिल किए जाने तक अगले वर्षों में अंशदान आय में प्रतिवर्ष प्रति कर्मचारी 4 रुपये से 5 रुपये की वृद्धि दर मानी जाए।

परिशिष्ट 7

1980-81, 1981-82 तथा 1982-83 वर्षों के दौरान प्रस्ताशित व्यय में अनुमानित वृद्धि

	प्रति कर्मचारी प्रतिवर्ष रुपये	
चिकित्सा हितलाभ	12.00	1980-81 वर्ष के लिए चिकित्सा देख-रेख पर व्यय में निगम के शेयर के रूप में 68,26.95 लाख रुपये दिल्ली प्रशासन से वसूल होने योग्य राशि को लेखे में लेने के बाद निवल राशि की व्यवस्था की गई है। यदि 1980-81 वर्ष के दौरान योजना के अंतर्गत आए कुल कर्मचारियों (62.00 लाख) के आधार पर सभी राज्य सरकारें लाभाधिकारियों को पूर्ण चिकित्सा देख-रेख प्रदान करें तथा मौजूदा अधिकतम आर्थिक सीमा के अनुसार स्वीकार्य अधिकतम राशि का पूर्णतः उपयोग करें तो चिकित्सा देख-रेख पर व्यय में निगम के शेयर के

	प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष रुपये	
		रूप में 75,95.00 लाख रुपये की राशि होगी। इस प्रकार प्रतिवर्ष लगभग 7,68.05 लाख रुपये की प्रासंगिक देयता है।
नकद हितलाभ	10.00	
प्रशासनिक व्यय	2.60	
अशक्तता हितलाभ	18.00	(22 रुपये के मूल प्राक्कलनों को उदार मानते हुए)
रोजगार चोट (अस्थायी अपंगता, स्थायी अपंगता और आश्रितजन हित-लाभ) की दर में वृद्धि मानक दर की 125 से 130%	1.15	
अन्त्येष्टि हितलाभ की दर में वृद्धि 100 रुपये से 300 रुपये	0.35*	
कर्मचारियों के अंशदान की अदायगी के लिए छूट की सीमा में वृद्धि 2 रुपये रोजाना वाले मजदूरी ग्रुप से 4 रुपये रोजाना से कम वाला मजदूरी ग्रुप करना।	0.90*	
जोड़ :	45.00	

*यह वृद्धि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम में संशोधन होने पर लागू होगी।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम का 1980-81 वर्ष का निष्पादन बजट

भूमिका

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 ही भारत के सामाजिक बीमा कानून का ऐसा अंग है जो औद्योगिक कामगारों के कुछ वर्गों को बीमारी, प्रसूति तथा रोजगार चोट की आकस्मिकताओं में हितलाभ से हितलाभों की व्यवस्था करता है।

व्याप्ति

2. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 उन सभी बेमौसमी फैक्टरियों पर लागू होता है जिनमें विद्युत शक्ति का प्रयोग होता है तथा 20 या अधिक व्यक्ति मजदूरी पर काम करते है। यह योजना चरणबद्ध रीति में क्षेत्रवार कार्यान्वित को जा रही है। योजना का स्थापनाओं के नए वर्गों, यानी विद्युत शक्ति का प्रयोग करने वाली वे फैक्टरियां जिनमे 10 से 19 व्यक्ति काम करते है तथा विद्युत शक्ति का प्रयोग न करने वाली वे फैक्टरियों, दुकानें, पूर्वदर्शन थियेटर सहित सिनेमा, होटल, रेस्तरां, सड़क मोटर परिवहन उपक्रम तथा समाचार पत्र संस्थापनाएं जिनमें 20 या अधिक व्यक्ति काम करते है, पर भी विस्तार किया जा रहा है।

उपरिलिखित फैक्टरियों/संस्थापनाओं में नियुक्त ऐसे कर्मचारी जिन की मजदूरी 1,000 रुपये मासिक से अधिक नहीं है अधिनियम के अन्तर्गत आते है।

योजना के मुख्य उद्देश्य :

3. निगम बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवारों को निम्नलिखित हितलाभों की व्यवस्था करता है :

(1) चिकित्सा हितलाभ :
चिकित्सा देख-रेख की व्यवस्था कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल तथा औषधालयों के माध्यम से की जाती है।

(2) नकद हितलाभ।

1. जब कोई बीमाकृत व्यक्ति बीमार होता है तो बीमारी हितलाभ।
2. बीमाकृत महिला कामगारों के लिए प्रसूति हितलाभ।
3. रोजगार के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो जाने वाले बीमाकृत व्यक्तियों को अस्थायी/स्थायी अपंगता हितलाभ।
4. रोजगार चोट के कारण मृत्यु हो जाने वाले बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों को आश्रितजन हितलाभ।
5. मृत बीमाकृत कामगार के परिवार के सदस्यों या नज-दीकी संबंधी को उसका अंतिम संस्कार करने के लिए अन्त्येष्टि हितलाभ।

हितलाभों की मात्रा नीचे पैरा 12.2 में दी गई है।

जहां कहीं कर्मचारी राज्य बीमा योजना कार्यान्वित की गई है, नियोजक कर्मकार मुआवजा अधिनियम, 1923 और प्रसूति अधिनियम, 1961 के अंतर्गत अपने दायित्वों से मुक्त हो जाते हैं।

प्रशासन :

4. कर्मचारी राज्य बीमा योजना कर्मचारी राज्य बीमा निगम नामक निगमित निकाय द्वारा चलाई जाती है जिसमें नियोजकों, कर्म-चारियों, केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों, चिकित्सा व्यवसाय तथा संसद का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य होते है। निगम के सदस्यों में से गठित एक स्थायी-समिति योजना के प्रशासन में कार्यकारी निकाय के रूप में काम करती है। चिकित्सा हितलाभों की व्यवस्था से संबंधित मामलों में निगम को सलाह देने के लिए एक चिकित्सा हितलाभ बोर्ड भी है।

दिल्ली को छोड़कर अन्य राज्यों में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत चिकित्सा देख-रेख की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। दिल्ली में निगम स्वयं चिकित्सा देख-रेख की व्यवस्था करता है।

वित्त :

5. कर्मचारी राज्य बीमा योजना के लिए नियोजकों तथा कर्म-चारियों के अंशदानों द्वारा धन की व्यवस्था की जाती है। कर्मचारियों द्वारा दिए जाने वाले अंशदान की दर 40 पैसे से 3 रु० 75 पैसे तक अलग अलग है जो उनके संबंधित मजदूरी ग्रुप पर निर्भर करती हैं। 2 रु० से कम दैनिक मजदूरी लेने वालों को कोई अंशदान देने की आवश्यकता नहीं है। नियोजकों का अंशदान मजदूरी का लगभग 4.35 प्रतिशत होता है। कर्मचारियों का अंशदान मजदूरी का 2.17 प्रतिशत है। चिकित्सा देख-रेख पर होने वाला व्यय कर्मचारी राज्य बीमा निगम तथा राज्य सरकारों के बीच 7 : 1 के तय किए गए अनुपात में शेयर किया जाता है। निगम को केन्द्रीय सरकार से कोई वित्तीय सहायता नहीं मिलती।

1979-80 के दौरान योजना का विस्तार

6. 31 मार्च, 1979 की स्थिति के अनुसार योजना के विस्तार से संबंधित राज्य-वार स्थिति अनुबंध-1 में दी गई है। 1 अप्रैल, 1979 से 31 दिसम्बर, 1979 तक की अवधि के दौरान 0.37 लाख और कर्मचारियों पर योजना का विस्तार किया गया है। 0.80 लाख और परिवार (बीमाकृत व्यक्ति) एककों के लिए चिकित्सा देख-रेख का भी विस्तार किया गया। 31 दिसम्बर, 1979 की योजना के अन्तर्गत आए कर्मचारियों की कुल संख्या 58.53 लाख थी। चिकित्सा हितलाभ के लिए लाभाधिकारियों की कुल संख्या 2,56.49 लाख है जिसमें बीमाकृत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य भी शामिल हैं।

7. नीचे तालिका में निष्पादन और किए गए कार्य के सांख्यिकी आकड़े दिए गए हैं : —

सूचना का स्वरूप	1978-79 (वास्तविक आंकड़े)	1979-80 (परिशोधित प्राक्कलन)	1980-81 (बजट प्राक्कलन)
1. केन्द्रों की संख्या	375	403	452
2. योजना सू अन्तर्गत आए कर्मचारियों की संख्या	58.16 लाख	59.50 लाख	62.00 लाख
3. चिकित्सा देख-रेख के हकदार बीमाकृत व्यक्तियों की संख्या	65.89 लाख	67.47 लाख	70.10 लाख
4. परिवार के सदस्यों की संख्या जिनके लिए चिकित्सा देख-रेख का विस्तार किया गया है			
(क) बीमाकृत व्यक्तियों को छोड़कर	1,89.78 लाख	1,94.20 लाख	2,01.90 लाख
(ख) बीमाकृत व्यक्तियों को मिलाकर	2,55.67 लाख	2,61.67 लाख	2,72.00 लाख
5. अस्पताल तथा अनैक्सियों की संख्या	92	105	116
6. (क) उपलब्ध बिस्तरों की संख्या (सरकारी तथा अन्य मान्यताप्राप्त अस्पतालों में आरक्षित बिस्तरों सहित)	19,304	21,874	23,261
(ख) निर्माणाधीन बिस्तरों की संख्या	3,537	3,276 (31 मार्च, 1980 को)	2,758
7. (क) औषधालयों की संख्या	990	1,040	1,090
(ख) पैनल क्लीनिकों की संख्या	4,565	अनुमान नहीं लगाया गया	
(ग) विशेषज्ञ केन्द्रों की संख्या	226	अनुमान नहीं लगाया गया	
8. इलाज किए गए रोगियों की संख्या			
अस्पताल में दाखिल किए गए मामलों की संख्या	3.49* लाख	4.07 लाख	4.19 लाख
औषधालयों में उपस्थिति (बीमाकृत व्यक्ति और परिवार सदस्य दोनों)			
(1) नए मामले	2,95.62 लाख	3,12.00 लाख	3,31.00 लाख
(2) पुराने मामले	6,27.87 लाख	6,62.00 लाख	7,00.00 लाख
9. नकद भत्ता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की संख्या (यानी रोजगार चोट हितलाभों के पात्र कर्मचारियों की संख्या)	58.16 लाख	59.50 लाख	62.00 लाख
10. पेंशन प्राप्त करने वाले आश्रितजनों की संख्या (यानी आश्रितजन हितलाभ के लाभाधिकारियों की संख्या)	15,797	16,324	17,710
11. कर्मचारिवृन्द (राज्यों में योजना के लिए नियुक्त कर्मचारियों सहित)			
चिकित्सा कार्मिक	21,494	22,567	23,643
अन्य कार्मिक	27,749	29,326	30,598
12. वार्षिक आय	1,57,65.48 लाख रु०	1,65,13.19 लाख रु०	1,71,34.70 लाख रु०
13. वार्षिक राजस्व व्यय	1,37,04.52 लाख रु०	1,57,83.91 लाख रु०	1,64,52.74 लाख रु०
14. भूमि अर्जन तथा कार्यालय/औषधालय/अस्पताल भवनों के निर्माण पर पूंजीगत व्यय			
वर्ष के दौरान	8,06.04 लाख रु०	7,50.00 लाख रु०	9,25.00 लाख रु०
प्रगामी व्यय	66,16.31† लाख रु०	73,66.31† लाख रु०	82,91.31† लाख रु०

*गोवा, पूना क्षेत्र तथा पश्चिमी बंगाल से संबन्धित सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

†इसमें पिछले वर्षों की धन वापसियां शामिल हैं।

8. 1978-79 वर्ष के परिशोधित प्राक्कलन व वास्तविक आंकड़ों तथा 1979-80 के बजट प्राक्कलन व परिशोधित प्राक्कलन का तुलनात्मक विश्लेषण निम्नलिखित है:—

क्रम सं०	सूचना का स्वरूप	परिशोधित प्राक्कलन 1978-79	वास्तविक आंकड़े 1978-79	अन्तर
1.	केन्द्रों की संख्या	387	375	(—) 12
2.	योजना के अन्तर्गत आए कर्मचारियों की संख्या	58.02 लाख	58.16 लाख	(+) 0.14 लाख
3.	परिवार सदस्यों की संख्या जिन पर चिकित्सा देख-रेख का विस्तार किया गया है	1,91.11 लाख	1,89.78 लाख	(—) 1.33 लाख
4.	निर्माण किए गए अस्पतालों तथा अनैक्सियों की संख्या	95	91	(—) 4
5.	अस्पताल बिस्तरों की संख्या	18,969	19,304	(+) 335
6.	औषधालयों की संख्या	980	990	(+) 10
7.	राजस्व आय	1,56,63.83 लाख रु०	1,57,65.48 लाख रु०	(क) 1,01,65 लाख रु०
8.	राजस्व व्यय	1,37,06.78 लाख रु० (ख)	1,37,04.52 लाख रु०	(—) 2.26 लाख रु०
9.	पूंजीगत व्यय	8,60.00 लाख रु०	8,06.04 लाख रु०	(—) 53.96 लाख रु०

(क) वृद्धि आंशिक रूप से अंशदानों की बेहतर अदायगी तथा आंशिक रूप से मजदूरी में वृद्धि से अंशदानों की ऊंची दरों के कारण हुई है।

(ख) वर्ष के लिए अन्तिम आवंटन का सूचक है।

क्रम सं०	सूचना का स्वरूप	बजट प्राक्कलन 1979-80	परिशोधित प्राक्कलन 1979-80	अन्तर
1	केन्द्रों की संख्या	484	403	(—) 81
2.	योजना के अन्तर्गत आए कर्मचारियों की संख्या	61.06 लाख	59.50 लाख	(—) 1.56 लाख
3.	परिवार सदस्यों की संख्या जिन पर चिकित्सा देख-रेख का विस्तार किया गया है	2,01,14 लाख	1,94.20 लाख	(—) 16.94 लाख
4.	निर्माण किए गए अस्पतालों और अनैक्सियों की संख्या	117	05	(—) 12
5.	अस्पताल बिस्तरों की संख्या	20,890	21,874	(+) 984
6.	औषधालयों की संख्या	1,020	1,040	(+) 20
7.	वार्षिक राजस्व आय	1,61,98.03 लाख रु०	1,65,13.19* लाख रु०	(+) 3,14.36 लाख रु०
8.	वार्षिक राजस्व व्यय	1,48,63.65 लाख रु०	1,57,83.91† लाख रु०	9,20.26 लाख रु०
9.	पूंजीगत व्यय	11,00.00 लाख रु०	7,50.00 लाख रु०	(—) 3,50.00 लाख रु०

*वृद्धि मजदूरी में वृद्धि के कारण अंशदानों की ऊंची दरों के कारण हुई है।

†1979-80 के परिशोधित प्राक्कलन में अधिक व्यवस्था निम्नलिखित कारणों से है:—

(1) चिकित्सा हितलाभ (3,10.11 लाख रुपये) 1 अप्रैल, 1979 से चिकित्सा देख-रेख पर व्यय की अधिकतम सीमा के परिशोधन के कारण जिसके लिए बजट प्राक्कलन में व्यवस्था नहीं की गई थी।

(2) नकद हितलाभ (6,95.40 लाख रुपये)—(क) हड़तालों के कारण कुछ क्षेत्रों में दावों की अधिक घटनाओं तथा (ख) प्रति वर्ष—प्रति कर्मचारी हितलाभ दिनों की औसत संख्या तथा बीमारी हितलाभ, विस्तारित बीमारी हितलाभ और अस्थायी अपंगता हितलाभ के अन्तर्गत प्रति कर्मचारी हितलाभ की दैनिक दर की राशि में वृद्धि के कारण।

(3) प्रशासनिक खर्चे (39.12 लाख रुपये)—महंगाई भत्ते में वृद्धि (33.00 लाख रुपये) तथा 1-9-1979 से वेतन समिति की सिफारिशों के एक भाग को लागू करने (10.00 लाख रुपये) के संबंध में बजट के बाद के निर्णयों के कारण।

उपर्युक्त वृद्धियों का पूंजीगत निर्माण और आपात आरक्षित निधियों के लिए व्यवस्था में कमी (1,24.45 लाख रुपये) करके आंशिक रूप से प्रति संतुलन हुआ है।

कर्मचारी राज्य बीमा योजना के कार्यान्वयन का कार्यक्रम मुख्यतया राज्य सरकारों पर निर्भर है । चिकित्सा देख-रेख के लिए योजना के अन्तर्गत आए कर्मचारियों की संख्या और योजना के अन्तर्गत आए परिवार के सदस्यों की संख्या में कमी नए केन्द्रों पर योजना के विस्तार में कमी के परिणामस्वरूप हुई है।

पूंजीगत व्यय में कमी निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति के कारण है। यह कार्य भी राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है ।

अन्य सूचना निम्नलिखित पैरों में दी जा रही है।

9.1 1979-80 के चालू वित्तीय वर्ष तथा 1980-81 के अगले वित्तीय वर्ष के लिए निगम का वित्तीय प्राक्कलन नीचे दी गई है :—

(लाख रुपयों में)

क. कार्यक्रम/कार्यकलाप-वार वर्गीकरण	1978-79 वास्तविक आंकड़े	1979-80 परिशोधित प्राक्कलन	1980-81 बजट प्राक्कलन
चिकित्सा हितलाभ	52,87.31	63,55 67	68,72,45
नकद हितलाभ	52,83.32	63,51.85	63,52.47
अन्य हितलाभ	13.88	16.43	19,44
निदेशक, अधीक्षण और फील्ड कार्य	9,95.03	11,40.14	12,12.44
अस्पताल और औषधालय भवनों का मूल्यह्रास, मरम्मत व अनुरक्षण	1,42.14	1,86.77	2,02.35
पूंजीगत निर्माण और आपात आरक्षित निधियों में गैर-कार्यकलाप व्यय विनिधान	19,82.84	17,33.05	17,93.59
कुल—राजस्व व्यय	1,37,04.52	1,57,83.91	1,64,52.74
भूमि के अर्जन तथा कार्यालय/औषधालय/अस्पताल भवनों के निर्माण पर पूंजीगत व्यय	8,06.04	7,50.00	9,25.00
अन्य पूंजीगत व्यय	—	—	—

(लाख रुपयों में)

ख. उद्देश्य वार वर्गीकरण	1978-79 वास्तविक आंकड़े	1979-80 परिशोधित प्राक्कलन	1980-81 बजट प्राक्कलन
लाभाधिकारियों को चिकित्सा देख-रेख की व्यवस्था पर व्यय	52,87.31*	63,55.67*	68,72.45*
नकद हितलाभों की अदायगी	52.83.32**	63,51.85**	63,52.47**
अन्य हितलाभ	13.88	16.43	19.44
वेतन तथा अन्य प्रशासनिक व्यय			
वेतन	7,34.11	8,35.67	8,93.58
यात्रा व्यय	35.54	24.66	24.72
लेखन सामग्री तथा फार्म	36.61	46.80	47.90
अंशदान टिकटें	6.10	0.25	0.10
किराए, दर और कर	44.38	48.20	49.61
बीमा न्यायालय तथा कानूनी प्रभार	5.81	6.11	6.45
स्टाफकारों का अनुरक्षण	1.86	1.86	2.00
टाइपराइटर, गणक-मशीन, एडिंग मशीन, कार्यालय फर्नीचर तथा अन्य उपस्कर की खरीद	8.36	11 70	13.47
प्रचार तथा विज्ञापन	1.06	1.20	1.50
बैंकिंग लेखे रखने के प्रभार	8.45	0.48	0.25
अन्य कार्यालय व्यय	49.44	54.10	56.73
स्टाफ क्वार्टरों सहित कार्यालय भवनों का मूल्यह्रास, मरम्मत व अनुरक्षण	12.99	13.36	15.48
सेवा निवृत्ति लाभ (भविष्य निधियों सहित)	50.32(क)	95.75	1,00.65
स्टाफ क्वार्टरों सहित अस्पताल तथा औषधालय भवनों का मूल्यह्रास, मरम्मत और अनुरक्षण	1,42.14	1,86.77	2,02.35
पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि में विनिधान	14,67.60	15,50.70	16,23.10
आपात आरक्षित निधि में विनिधान	5,15.24	1,82.35	1,70.49
कुल राजस्व व्यय	1,37,04.52	1,57,83.91	1,64,52.74

*पैरा 11 देखें

**पैरा 12 देखें

(क) पहले वर्षों में पेंशन आरक्षित निधि की अधिक व्यवस्था समायोजन के कारण 33.67 लाख रुपये की राशि जमा करते हुए निवल आंकड़े ।

(लाख रुपयों में)

उद्देश्य-वार वर्गीकरण	1978-79 वास्तविक आंकड़े	1979-80 परिशोधित प्राक्कलन	1980-81 बजट प्राक्कलन
पूंजीगत निर्माण कार्य			
कार्यालय भवन (स्टाफ क्वार्टरों सहित)	77.93	85.00	1,25.00
अस्पताल तथा औषधालय भवन	7,28.11	6,65.00	8,00.00
जोड़—पूंजीगत निर्माण कार्य	8,06.04	7,50.00	9,25.00
अन्य पूंजीगत व्यय	—	—	—
ग—वित्त का साधन			
राजस्व आय			
नियोजकों तथा कर्मचारियों का अंशदान	1,46,75.94	1,55,06.97	1,62,31.00
भवनों का किराया	3,62.80	3,70.51	4,06.75
निवेशों, कर्जों तथा पेशगियों पर ब्याज	5,28.27	4,81.88	3,38.85
अन्य राजस्व आय	1,98.47	1,53.83	1,58.10
जोड़	1,57,65.48	1,63,13.19	1,71,34.70
पूंजीगत व्यय :			
पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि	14,67.60	15,50.70	16,23.10

9.2 अनुलग्नक-II में मुख्य व्यय-शीर्षों के अन्तर्गत प्रतिवर्णित व्यय भार दिखाया गया है। वित्तीय आवश्यकताओं की व्याख्या :

10. निगम की वित्तीय आवश्यकताओं को मोटे तौर पर निम्नलिखित शीर्षों में वर्गीकृत किया जा सकता है :—

1. चिकित्सा हितलाभ
2. नकद हितलाभ तथा अन्य हितलाभ
3. निदेशन, अधीक्षण तथा फील्ड कार्य
4. अस्पतालों तथा औषधालयों का मूल्यह्रास मरम्मत व अनुरक्षण
5. पूंजीगत निर्माण कार्य

इनके विस्तृत ब्यौरे निम्नलिखित पैरों में दिए गए है :—

11—चिकित्सा हितलाभ

11.1 चिकित्सा हितलाभों पर व्यय नीचे दिखाया गया है :—

(लाख रुपयों में)

1978-79 (वास्तविक आंकड़े)	1979-80 (परिशोधित प्राक्कलन)	1980-81 (बजट प्राक्कलन)
52,87.31 (इसमें 10,01.01 लाख रुपए की बकाया अदायगियां शामिल हैं)	63,55.67 (इसमें 12,69.86 लाख रुपए की बकाया अदायगियां शामिल हैं)	68,72.45 (इसमें 12,46.56 लाख रुपए की बकाया अदायगियां शामिल हैं)

11.2 दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के अलावा इस कार्यकलाप पर होने वाला व्यय शुरूआत में उन राज्य-सरकारों द्वारा दिया जाता है जो चिकित्सा योजना का प्रशासनिक नियंत्रण करती हैं। निगम राज्य-सरकारों से व्यय-विवरण प्राप्त होने पर तिमाही आधार पर अपने शेयर की अदायगी करता है। प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगम ने चिकित्सा देखरेख के विभिन्न वर्गों के अधीन चिकित्सा व्यय की अधिकतम सीमाएं निश्चित कर दी हैं तथा राज्य सरकारों द्वारा प्रयोग के लिए 500 से अधिक दवाइयों, इंजेक्शनों तथा औषधियों के सम्बन्ध में औषध निर्माताओं से दर ठेके किए हैं। अधिकतम सीमाओं से अधिक होने वाला व्यय केवल राज्य सरकारों द्वारा वहन किया जाता है और यह अधिक व्यय निगम के बजट में नहीं दिखाया जाता है।

11.3 1 अप्रैल, 1979 से चिकित्सा देखरेख पर व्यय की अधिकतम सीमाओं को बढ़ाकर निम्नलिखित रूप में परिशोधित किया गया है :—

चिकित्सा देख-रेख की किस्म	किस्म के अन्तर्गत चिकित्सा देख-रेख की रेंज	प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति अधिकतम सीमाएं
सीमित चिकित्सा देख-रेख	बीमाकृत व्यक्तियों की पूर्ण चिकित्सा देख-रेख प्रदान की जाती है लेकिन उनके परिवारों के लिए औषधियों की पूर्णतः पूर्ति तथा मरहम-पट्टी सहित केवल बहिरंग उपचार की व्यवस्था की जाती है।	70 रु० (कोई परिवर्तन नहीं)
वर्धित चिकित्सा देख-रेख	बीमाकृत व्यक्तियों को पूर्ण चिकित्सा देख-रेख प्रदान की जाती है लेकिन उनके परिवारों के लिए विशेषज्ञों से परामर्श (प्रयोगशाला में विशेष परीक्षण और एक्सरे परीक्षा की सुविधाओं सहित) और बहिरंग देख-रेख के साथ-साथ उनके द्वारा लिखी गई विशेष दवाइयों और औषधियों की पूर्ति की सुविधा की व्यवस्था की जाती है।	80 रु० से 85 रु०
पूर्ण चिकित्सा देख-रेख	इसमें बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवारों को बहिरंग तथा अन्तरंग दोनों तरह के उपचार की व्यवस्था की जाती है।	105 रु० से 115 रु०

निगम ने अधिकतम सीमा से अधिक मंजूर की जाने वाली औषधियों और दवाइयों पर व्यय की सीमा को भी उदार बना दिया है। ऊपर लिखित पहली सीमा 25 रु० से अधिक तथा 45 रु० तक प्रति व्यक्ति व्यय था और इसे बढ़ाकर अब 25 रु० से अधिक तथा 50 रु० तक कर दिया गया है।

11.4 कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में प्रारम्भिक उपस्कर की व्यवस्था पर व्यय की 1973 में निर्धारित की गई सीमाओं को बढ़ाकर नए चालू किए जाने वाले अस्पतालों/बिस्तरों के लिए निम्नलिखित रूप में कर दिया गया है :—

150 बिस्तर तक के लिए	5,000 रुपये से 8,000 रु० प्रति बिस्तर
151 बिस्तर से 300 बिस्तर तक	4,000 रुपये से 6,500 रु० प्रति बिस्तर
301 बिस्तर और अधिक	3,500 रुपये से 5,500 रु० प्रति बिस्तर

औषधालयों से लगी अनैक्सियों/डिटेंशन वार्डों/साधारण वार्डों में प्रारम्भिक उपस्कर के लिए 3,500 रुपये एक प्रति बिस्तर की व्यवस्था की जाएगी।

चालू किए गए अस्पतालों में अतिरिक्त उपस्कर की व्यवस्था पर व्यय की सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 4 लाख रुपये कर दी गई है।

11.5 चिकित्सा सुविधाओं में निम्नलिखित सुधार किए गए हैं :—

(1) सतुलित पैमाने पर स्वास्थ्य लाभ गृहों को निर्माण करने का निर्णय किया गया है जहाँ अस्पताल से ऐसे बीमाकृत रोगियों को भेजा जा सके जिन्हें सक्रिय चिकित्सा उपचार की आवश्यकता न हो और उन्हें नर्सिंग, देख-रेख और अन्य सुविधाओं के साथ-साथ सामान्य चिकित्सा उपचार की व्यवस्था सुलभ की जा सके।

(2) जहां आवश्यक हो योजना के अन्तर्गत चिकित्सा देख-रेख के भाग के रूप में निम्नलिखित की व्यवस्था की गई है और इन सुविधाओं का काफी लाभाधिकारियों ने लाभ उठाया है :—

(क) कृत्रिम अंग, कृत्रिम उपकरण और साधन जिनमें कारडियक पेसमेकर शामिल हैं, तथा

(ख) गुर्दे बदलना/डायलेसिस तथा ओपन हार्ट सर्जरी जैसे विशेषज्ञ उपचार।

निगम ने यह भी निर्णय किया है कि बीमाकृत व्यक्तियों को उनके कृत्रिम अंग केन्द्र में प्रवेश की अवधि के दौरान पुनर्वास भत्ता दिया जाय।

(3) यदि कोई बीमाकृत व्यक्ति चिकित्सा हितलाभ का हकदार नहीं रहता है तो उसका उपचार बीमारी की अवधि खत्म होने या दीर्घकालिक रोग की स्थिति में बीमाकृत व्यक्ति को (परिवार सदस्यों को छोड़कर) सक्रिय उपचार की आवश्यकता होने तक बन्द नहीं किया जाता।

(4) अब बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार व्यक्ति के बीमाकृत होने के बाद 13 सप्ताह की बजाय बीमाकृत व्यक्ति के सेवा शुरू करने की तारीख से चिकित्सा हितलाभ के हकदार हैं।

(5) नीचे दी गई स्थितियों में बीमाकृत व्यक्ति परिवार सदस्यों के लिए चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है :—

(क) यदि उसका परिवार उसी राज्य में स्थित किसी कार्यान्वित क्षेत्र में दूसरे स्थान पर रहता है,

(ख) यदि बीमाकृत व्यक्ति के परिवार के सदस्य बीमाकृत व्यक्ति के साथ उसके कार्य के स्थान से छुट्टी पर या अस्थायी स्थानान्तरण पर किसी ऐसे अन्य स्थान पर जाते हैं जो एक कार्यान्वित केन्द्र है।

11.6 अस्पतालों तथा चिकित्सालयों के माध्यम से दी जाने वाली व्याधिशामक सेवाओं के अलावा निगम, अस्पताल, विशेषज्ञ केन्द्र तथा औषधालयों के माध्यम से निम्नलिखित सेवाएं भी प्रदान कर रहा है :—

(1) परिवार कल्याण कार्यक्रम के लिए सुविधाएं परिवार नियोजन के लिए शिक्षा, अभिप्रेरण तथा सेवाओं की व्यवस्था के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा योजना का विस्तार करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा प्रायोजित तथा अनुकृपा द्वारा वित्त-पोषित एक परिवार कल्याण परियोजना 1976 में चालू की गई थी। आरंभ में परियोजना 31-12-1978 तक के लिए मंजूर की गई थी। इसके कार्य का पुनरीक्षण करने तथा इसकी प्रगति को ध्यान में रखते हुए इसके कार्य का पुनरीक्षण करने तथा इसकी प्रगति को ध्यान में रखते हुए इसके कार्यकलापों का विस्तार 31-12-1979 तक के लिए कर दिया गया था। परियोजना निरन्तर प्रगति पर है और इसे आगे चालू रखा जा रहा है। इस पर वार्षिक व्यय अब 7 लाख रुपये है।

निगम ने परिवार कल्याण कार्यक्रम के लिए अपनी निधियों में से भी काफी धन व्यय किया है। सभी कर्मचारी राज्य बीमा औषधालयों/परिवार कल्याण केन्द्रों में परिवार कल्याण कार्यक्रम को सक्रिय किया है तथा इसके अलावा 45 कर्मचारी राज्य बीमा औषधालयों में से 7 को सेवा केन्द्र के रूप में स्थापित किया गया है। 1-8-1976 से 30 सितम्बर, 1979 तक अवधि के दौरान परिवार नियोजन आपरेशन कराने वाले बीमाकृत व्यक्तियों को निगम की निधियों में से कुल मिलाकर 57.14 लाख रुपये से अधिक राशि दी गई है। निगम ने निर्णय किया है कि नसबंदी/नलीबंदी आपरेशन कराने के लिए बीमाकृत व्यक्तियों को सामान्य बीमारी हितलाभ दर से दुगनी दर पर देय बीमारी हितलाभ स्थायी आधार पर मंजूर किया जाता रहेगा।

(2) बच्चों को संक्रमण रोगों से बचाव के विशेष कार्यक्रम सहित प्रतिरक्षण की सुविधाएं. प्रतिरक्षण कार्यक्रम उन सभी राज्यों में निरन्तर प्रगति कर रहा है जहां कर्मचारी राज्य बीमा योजना कार्यान्वित की जा चुकी है।

11.7 कर्मचारी राज्य बीमा योजना में आयुर्वेदिक पद्धति के अन्तर्गत सुविधाओं का विवरण निम्नलिखित है :—

राज्य का नाम	औषधालयों की संख्या	बीमा चिकित्सा अधिकारियों/बीमा चिकित्सा व्यावसायियों की संख्या	विशेषज्ञों की संख्या	बिस्तरों की संख्या
दिल्ली	2	2	..	..
गुजरात	51	52	2	20
कर्नाटक	2	2	..	..
केरल	4	4	..	..
बम्बई	..	167 (बीमा चिकित्सा व्यवसायों)	2	30
नागपुर	1	1	..	..
पूना	..	11	1	20
उत्तर प्रदेश	1	1	..	..

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना की आयुर्वेदिक फार्मूलरी कर्मचारी राज्य बीमा संस्थाओं में प्रयोग के लिए स्वीकार कर ली गई है।

11.8 निम्नलिखित आकड़े बीमाकृत व्यक्तियों तथा उनके परिवारों को चिकित्सा देख-रेख सुलभ करने में हुई प्रगति के सबन्ध में ऊपर पैरा-ग्राफ 7 में दी गई सूचना के पूरक हैं।

सूचना का स्वरूप	1978-79 वास्तविक आकड़े	1979-80 परिशोधित प्राक्कलन	1980-81 बजट प्राक्कलन
1. (क) अस्पतालों की संख्या			
सामान्य	60	65	75
क्षय रोग	5	6	7
(ख) अनैक्सियों की संख्या :			
सामान्य	13	20	20
क्षय रोग	14	14	14
2. कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालो तथा अनैक्सियो मे चालू किए गए बिस्तरों की संख्या .			
(क) अस्पतालों में :			
सामान्य	10,852	11,752	13,284
क्षय रोग	1,502	1,652	1,902
(ख) अनैक्सियों में :			
सामान्य	226	370	370
क्षय रोग	282	282	282
3. सरकारी तथा अन्य मान्यता प्राप्त अस्पतालो में आरक्षित बिस्तरों की सख्या	4,747	4,985	5,220
11.9 प्रति वर्ष प्रति कर्मचारी चिकित्सा देख-रेख पर व्यय	92 रु०	107 रु०	112 रु०

अनुबंध 6 में दिया गया विवरण 1970-71 से आगे चिकित्सा देख-रेख पर व्यय में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के शेयर का सूचक है।

11.10 कर्मचारी राज्य बीमा योजना के लाभाधिकारियों को मानक तथा प्रभावकारी औषधियो की नियमित पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निगम ने 500 से अधिक औषधियों के लिए ख्यातिप्राप्त औषध निर्माताओं के साथ वर ठेके किए हैं। औषधियां सारे देश में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के राज्य प्राधिकारियों द्वारा निश्चित समान दरों पर खरीदी जाती है।

11.11 कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों/औषधियों में उपलब्ध न होने वाली दवाइयों की बीमाकृत व्यक्तियों द्वारा खरीद की लागत की प्रतिपूर्ति के लिए उनके दावों के मामलों में जल्दी निर्णय सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय किया गया है कि चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति के लिए राज्य सरकारो की शक्तियां प्रत्येक मामले में 500 रु० से बढ़ाकर 1000 रु० कर दी जायें।

2. नकद हितलाभ तथा अन्य हितलाभ

12.1 नकद हितलाभों पर व्यय नीचे दिया गया है :—

1978-79 वास्तविक आकड़े	1979-80 परिशोधित प्राक्कलन	1980-81 बजट प्राक्कलन
(लाख रुपयो मे)		
52,83.32	63,51.85	63,52.47

12.2 विभिन्न वर्गों के नकद हितलाभों के लिए पात्रता कर्मचारियो द्वारा दिए गए अंशदानों की सख्या तथा उनकी मजदूरी की दर पर निर्भर है। मोटे तौर पर बीमारी के कारण नकद हितलाभ मजदूरी का 50% होता है। अपंगता तथा आश्रितजन हितलाभ की स्थिति में यह मजदूरी का 62.5% होता है तथा बीमाकृत महिला कामगारो को प्रसूति हितलाभ की स्थिति में मोटे तौर पर पूरी मजदूरी दी जाती है। अंत्येष्टि खर्च बीमाकृत व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में 100/- रु० की दर से दिए जाते है।

12.3 इन हितलाभो की अदायगी लगभग सभी औद्योगिक केन्द्रों में जहां योजना कार्यान्वित की गई है, स्थित अपने स्थानीय/मुगतान कार्यालयों की मार्फत निगम द्वारा सीधे बीमाकृत व्यक्तियों या उनके हिताधिकारियों को की जाती है। 31 मार्च, 1979 को इस तरह के कार्यालयो की सख्या 684 थी जबकि एक वर्ष पहले यह सख्या 677 थी। नकद हितलाभों पर व्यय का भार अनेक तथ्यो, यानी स्वास्थ्य की स्थिति, औद्योगिक शान्ति और कामगारो की हितलाभों आदि की अपनी हकदारी के बारे में जानकारी पर निर्भर करता है। अत. कोई वास्तविक लक्ष्य निश्चित करना संभव नही है। कुल मिलाकर 1978-1979 वर्ष के दौरान 79.47 लाख अदायगियां (इनमें स्थायी अपंगता हितलाभ दावों के रूपान्तरण के लिए अनुरोध के संबध में एक मुश्त अदायगी से संबंधित 11751 दावे शामिल है) की गई। ये पिछले वर्ष के मुकाबले 7.64 लाख अधिक थी। औसतन लगभग 6.62 लाख रु० प्रति मास अदायगियां की गई जबकि 1977-78 वर्ष में 5.99 लाख प्रति मास अदायगिया की गई थी। 1976-77 के 1:17 के मुकाबले प्रति कर्मचारी अदायगिया की संख्या बढ़कर 1977-78 में 1.33 तथा 1978-79 मे 1.43 हो गई है।

12.4 नकद हितलाभों के विभिन्न वर्गों के अन्तर्गत व्यय का ब्यौरा नीचे दी गई सारणी में दिया गया है :—

	1978-79 वास्तविक आकड़े		1979-80 परिशोधित प्राक्कलन		1980-81 बजट प्राक्कलन	
	कर्मचारियों की संख्या का भारित औसत	राशि (लाख रु० में)	कर्मचारियों की संख्या का भारित औसत	राशि (लाख रु० में)	कर्मचारियों की संख्या का भारित औसत	राशि (लाख रु० में)
	(लाख में)		(लाख में)		(लाख मे)	
बीमारी हितलाभ . . .	55.39	33,56.49	57.48	42,67.89	59.17	41,46.50
विस्तारित बीमारी हितलाभ . .	55.39	3,14.42	57.48	3,36.13	59.17	3,56.34
प्रसूति हितलाभ . .	55.39	1,73.90	57.48	1,90.37	59.17	1,96.22
अस्थाई अपंगता हितलाभ . .	56.79	6,45.53	58.83	7,00.40	60.75	7,41.75
स्थायी अपंगता हितलाभ . .	56.79	7,38.60	58.83	6,88.31	60.75	7,29.00
आश्रितजन हितलाभ . . .	56.79	1,44.68	58.83	1,58.84	60.75	1,70.10
अन्त्येष्टि हितलाभ . . .	56.79	9.78	58.83	9.91	60.75	10.56
कुल नकद हितलाभ . .		52,83.32		63,51.85		63,52.47

12.5 1979-80 के परिशोधित प्राक्कलन में विभिन्न नकद हितलाभों के लिए की गई 63,51 85 लाख रु० की व्यवस्था 1979-80 वित्तीय वर्ष के पहले आठ मास के वास्तविक आंकड़ों का प्रगति तथा शेष महीनों के लिए प्रत्याशित आवश्यकता पर आधारित है।

56,56 39 लाख रुपए की मूल व्यवस्था के मुकाबले 1979-80 के परिशोधित प्राक्कलन में अधिक व्यवस्था आंशिक रूप में हड़तालों के दौरान कुछ क्षेत्रों में अधिक दावों के कारण है। जुलाई-अगस्त, 1979 में कपड़ा उद्योग हड़ताल के दौरान कोयम्बटूर क्षेत्र में लगभग 3,96.20 लाख रुपए अतिरिक्त व्यय हुए।

प्रति वर्ष प्रति कर्मचारी हितलाभ दिनों का औसत संख्या तथा प्रति कर्मचारी दैनिक हितलाभ की दर की राशि में वृद्धि का रुख भी रहा है जैसा कि नीचे दिया गया है :—

	बीमारी हितलाभ			अस्थायी अपंगता हितलाभ		
	1976-77	1977-78	1978-79	1976-77	1977-78	1978-79
प्रति वर्ष प्रति कर्मचारी हितलाभ दिनों की औसत संख्या	5.0 दिन	6.0 दिन	6.8 दिन	0.91 दिन	0.97 दिन	1.13 दिन
प्रति कर्मचारी दैनिक औसत हितलाभ दर	7.77 रु०	8.31 रु०	8.92 रु०	9.02 रु०	9 39 रु०	10.10 रु०

विस्तारित बीमा हितलाभ के व्यय-भार में भी वृद्धि का रुख रहा है जैसा कि नीचे दिया गया है :—

	1976-77	1977-78	1978-79
निम्नलिखित रूप में अभिव्यक्त विस्तारित बीमारी हितलाभ दावों का व्यय-भार—जोखिम ग्रस्त प्रति 1000 कर्मचारी दावों की औसत संख्या	4.8 (संख्या)	4.3 संख्या	4.5 (संख्या)
समाप्त दावों की औसत अवधि	179.2 दिन	203.6 दिन	220.9 दिन

महानिदेशक विभिन्न केन्द्रों पर बीमारी हितलाभ दावों पर लगातार निगरानी रखे हुए हैं : मुख्यालय में प्रतिमास प्राप्त संगत आंकड़ों का समय-समय पर विश्लेषण किया जाता है और यदि किसी केन्द्र पर असामान्य अन्तर पाया जाता है तो क्षेत्रीय निदेशकों तथा प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारियों से पूछताछ की जाती है ताकि जहां कहीं आवश्यक और संभव हो वे उपयुक्त तथा तत्काल सुधार के उपाय कर सकें।

बीमारी हितलाभ दावों तथा अस्थाई अपंगता हितलाभ दावों के व्यय-भार तथा अवधि के संबंध में विभिन्न राज्यों में परस्पर काफी अन्तर देखा गया है। विभिन्न राज्यों में नकद हितलाभों में अन्तर के विश्लेषण से संबंधित मामले पर ध्यान दिया जा रहा है। नकद हितलाभों के अधिक व्यय-भार के मामलों में राज्य सरकारों द्वारा प्रमाणन पर आगे नियंत्रण किया जा रहा प्रतीत होता है। हड़ताल तथा तालाबन्दी आदि की स्थिति में नकद हितलाभों के दुरुपयोग पर नियंत्रण रखने के लिए क्षेत्रीय बोर्डों तथा स्थानीय समितियों को भी सक्रिय किया जाना आवश्यक है।

12.6 नकद संवितरण कार्यालयों की स्थापना प्रभार लागत का व्यय-भार नीचे दिया गया है :—

	1978-79 वास्तविक आंकड़े	1979-80 परिशोधित प्राक्कलन	1980-81 बजट प्राक्कलन
नकद संवितरण कार्यालयों के स्थापना प्रभार	3,97.13 लाख रु०	4,49.39 लाख रु०	4,81.74 लाख रु०
संवितरित नकद हितलाभों की कुल राशि के साथ स्थापना प्रभारों की प्रतिशतता	7.52%	7.07%(क)	7.50%

(क) प्रतिशतता में कमी जुलाई, अगस्त, 1979 में कपड़ा उद्योग हड़ताल के दौरान कोयम्बटूर क्षेत्र में अदायगियों के अधिक व्यय-भार के कारण है।

प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष व्यय

अन्य हितलाभ

13.1 अन्य हितलाभों पर व्यय निम्न प्रकार है :—

1978-79 (वास्तविक आंकड़े)	1979-80 (परिशोधित प्राक्कलन) (लाख रुपयों में)	1980-81 (बजट प्राक्कलन)
13.88	16.43	19.44

13.2 इस कार्यकलाप में चिकित्सा बोर्ड तथा अपीली चिकित्सा अधिकरण के सदस्यों को फीस की अदायगी, बीमाकृत कामगारों को चिकित्सा निर्देशी, चिकित्सा बोर्ड या अपीली चिकित्सा अधिकरण के समक्ष उपस्थित होने के लिए भेजे जाने की स्थिति में सवारी खर्चे तथा मजदूरी की हानि के लिए मुआवजे की अदायगी आती है। बीमाकृत कामगारों के प्रत्यक्ष हितलाभ के लिए निगम द्वारा किए गए अन्य विविध व्यय भी इस कार्यकलाप के अन्तर्गत आते हैं।

3. निदेशन, अधीक्षण तथा फील्ड कार्य

14.1 बजट व्यवस्था निगम मुख्यालय, इसके क्षेत्रीय कार्यालय और स्थानीय कार्यालयों में तैनात अधिकारियों तथा कर्मचारियों के वेतन आदि के सबंध में है। इसमें संगठन एवं पद्धति शाखा तथा अधिकारियों और कर्मचारियों की विचार गोष्ठियां आदि तथा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का प्रबन्ध करने के लिए स्थापित किए गए विभिन्न केन्द्रों का व्यय भी शामिल है।

14.2 कार्मिक सारांश निम्न प्रकार है :—

	31-3-1979 को वास्तविक संख्या	31-3-1980 को अनुमानित संख्या	31-3-1981 को अनुमानित संख्या
अधिकारी	21,494	22,567	23,643
अन्य कार्मिक	27,749	29,326	30,598

4. अस्पताल तथा औषधालय भवनों का मूल्यह्रास, मरम्मत तथा अनुरक्षण

15. (निगम के अस्पताल तथा औषधालय भवनों के मूल्य ह्रास सहित) मरम्मत तथा अनुरक्षण पर व्यय नीचे दिखाया गया है।

	1978-79 (वास्तविक आंकड़े)	1979-80 (परिशोधित प्राक्कलन) (लाख रुपयों में)	1980 81 (बजट प्राक्कलन)
अस्पताल/औषधालय/अनेक्सियां	1,42.14	1,86.77	2,02.35

ये आंकड़े इस उद्देश्य के लिए निर्धारित प्रतिशतता के अनुसार संबंधित आरक्षित निधियों में अन्तरित/अंतरण योग्य राशियों के सूचक हैं । व्यय वास्तव में आरक्षित निधियों में से किया गया है ।

5. पूंजीगत निर्माण कार्य

16.1 पूंजीगत निर्माण कार्यों के लिए नीचे दी गई धन-व्यवस्था आवश्यक होगी :

	1978-79 (वास्तविक आंकड़े)	1979-80 (परिशोधित प्राक्कलन)	1980-81 (बजट प्राक्कलन)
		(लाख रुपयों में)	
कार्यालय भवन	77.93	85.00	1,25.00
अस्पताल/ औषधालय	7,28.11	6,65.00	8,00.00
जोड़	8,06.04	7,50 00	9,25.00

अनुबन्ध 5 में विवरण उन निर्माण परियोजनाओं का सूचक है जिनके लिए 1979-80 के बजट प्राक्कलनों में की गई धन-व्ययस्था का इस्तेमाल नहीं किया गया ।

16.2 कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत चिकित्सा योजना को चलाना राज्य-सरकारों की सांविधिक जिम्मेदारी है । अतः कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों/औषधालयों के लिए आवश्यक भवनों की व्यवस्था करना उनका कार्य है । शुरुआत में, निगम के पास व्यय से अधिक आय का काफी अतिशेष था जबकि राज्य सरकारों के पास आवश्यक भवनों के निर्माण के लिए पर्याप्त साधन नहीं थे । इसके फल-स्वरूप योजना की अधिक प्रगति नहीं हो रही थी अतः निगम ने अपने कार्यालयों तथा कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों/औषधालयों के लिए भवन निर्माण में व्यय से अधिक अपना आय के उपलब्ध अधिशेषों का निवेश करने का निर्णय किया ।

16.3 निगम ने 2 फरवरी तथा 3 दिसम्बर, 1974 को हुई अपनी बैठकों में विभिन्न राज्यों में कर्मचारी राज्य बीमा परियोजनाओं के पूंजीगत निर्माण कार्यक्रम का पुनरीक्षण किया तथा निम्नलिखित रूप में अनुमोदन किया :—

(1) "अंशदानों" से प्राप्त कुल राजस्व का 10% पूंजीगत निर्माण आरक्षित निधि में जमा किया जाए तथा अस्पतालों/औषधालयों/ अन्य चिकित्सा संस्थानों और कार्यालय भवनों/स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण पर होने वाला व्यय 8 : 2 के अनुपात में किया जाये ।

(2) अतिरिक्त अस्पतालों/अनैक्सियों के लिए प्लान तथा प्राक्कलन मंजूर किए जाएं ताकि नई परियोजनाएं मंजूर करते समय यथा-अनुमोदित प्रति 1000 कर्मचारी 5 बिस्तर तक व्यवस्था की जा सके । आमतौर पर पहले निश्चित की गई प्रति 1000 कर्मचारी 4 बिस्तर की सीमा से अधिक व्यवस्था नहीं की जाएगी और केवल आपवादिक मामलों में यह सुनिश्चित करने के बाद अतिरिक्त बिस्तर मंजूर किए जाएंगे कि उस क्षेत्र में मौजूदा कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में बिस्तरों के अधि-भोग पर आधारित अस्पताल सुविधाओं की आवश्यकता होने वाली बीमारियों के भार के आधार पर अतिरिक्त बिस्तरों की अत्यधिक आवश्यकता है । अस्पताल बिस्तरों पर व्यय 170 रु० प्रति "योजना में आए" व्यक्ति सीमा की शर्त के अधीन है (19-6-1978 को हुई क० रा० बी० निगम की स्थायी समिति की बैठक में यह सीमा बढ़ाकर 200/- रु० प्रति व्यक्ति कर दी गई) ।

